हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए 42 लाख रुपये तक का ऋण

मण्डला। मध्यप्रदेश शासन द्वारा पशुपालन एवं डेयरी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा युवाओं एवं पशुपालकों के लिए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई स्थापित करने के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

गाय एवं भैंस की डेयरी इकाई के लिए ऋण

योजना के प्रावधानों के अनुसार 25 गायों की डेयरी इकाई के लिए लगभग 38 लाख रुपये तथा 25 भैंसों की डेयरी इकाई के लिए लगभग 42 लाख रुपये तक की परियोजना लागत निर्धारित है। पात्र हितग्राहियों को परियोजना के अनुसार बैंक ऋण उपलब्ध कराया जा सकता है।

वर्ग के अनुसार अनुदान का प्रावधान

योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को 33 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत तक अनुदान दिए जाने का प्रावधान बताया गया है। पात्रता एवं स्वीकृति संबंधित योजना के नियमों के अनुसार होगी।

डेयरी स्थापना के लिए भूमि आवश्यक

योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही के पास लगभग साढ़े तीन एकड़ भूमि होना आवश्यक बताया गया है, ताकि डेयरी इकाई के साथ पशुओं के लिए शेड तथा भूसा भंडारण की व्यवस्था की जा सके। इच्छुक युवा एवं पशुपालक योजना की वर्तमान पात्रता, परियोजना लागत, अनुदान तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी पशुपालन एवं डेयरी विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने से पहले भूमि, बैंक ऋण एवं अनुदान संबंधी शर्तों की पुष्टि करना आवश्यक है।

राम विशाल प्रजापति को मिला बीईओ निवास का अतिरिक्त प्रभार

मण्डला। कलेक्टर कार्यालय, मंडला द्वारा 24 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी निवास के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री राम विशाल प्रजापति, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास को सौंपा गया है। पूर्व में यह प्रभार श्री सुनील दुबे के पास था, जिन्हें तत्काल प्रभाव से इस प्रभार से मुक्त किया गया है। श्री राम विशाल प्रजापति को आगामी आदेश तक वरिष्ठता के आधार पर बीईओ निवास का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया है।

जेम पोर्टल निभा रहा भ्रष्टाचार में सहयोगी की भूमिका

मनमाने नियमों से हो रही शासकीय खरीददारी

*** जिनकों जांच करना है वे सो रहे हैं कुम्भकरण की नींद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





नगरीय निकाय हो या फिर शिक्षा विभाग दोनों स्थान पर जेम पोर्टल के माध्यम से जो निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं इन निविदाओं के आमंत्रित करने, उन्हें खोलने, क्रय आदेश जारी करने, सामग्री भौतिक सत्यापन कराने, फर्मों की विश्वसनीयता जांचने, सुरक्षा निधि को जमा करने और भुगतान प्रक्रिया लगातार नियमों की अनदेखी हो रही है एवं इससे न केवल निविदाकार तथा सप्लायर को भारी लाभ पहुंचाया जा रहा है बल्कि इस प्रक्रिया में शामिल जिम्मेदारी भी जमकर मालामाल हो रहे हैं।


छात्रावासों में सामग्री सप्लाई में करोड़ों का खेल

भ्रष्टाचार का जरिया बना जेम पोर्टल

अपात्र पर क्यों मेहरबान प्रशासन

जिले में पिछले 10 वर्षों के जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रण से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया की जांच की जाये तो स्पष्ट हो जायेगा कि पूरे जिले में दो से तीन वेंडर ही विभिन्न विभागों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सामग्री सप्लाई कर रहे हैं और यह मामला कोई 10-20 लाख का नहीं बल्कि करोड़ों का है यदि इस पूरे लेन-देन की ईमानदारी एवं गंभीरता से जांच करा ली जाये तो स्पष्ट रूप से सामने आयेगा कि कैसें जेम पोर्टल के माध्यम से शासन को करोड़ों की क्षति पहुंचाई गई है। यह करोड़ों रूपये न जाने कितने गरीबों के उत्थान के लिये काम आ सकते थे सरकार के लिये सहयोगी की भूमिका निभा सकते थे और शायद हर 15 दिन में सरकार को जो कर्जा लेना पड़ रहा है इस तरह के अनावश्यक भ्रष्टाचार में हो रही क्षति से इस कर्जे से भी सरकार को बचाया जा सकता था।

अमानत राशि के रूप में कैसें किये गये चैक स्वीकार

नगरीय निकायों में हुये बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की बात अब सार्वजनिक हो चुकी है और हमारा मण्डला इससे अछूता नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में जो भी खरीददारी हुई है उसको लेकर लगातार विरोध के स्वर उठते रहे हैं लेकिन परिषद प्रशासन पर और प्रशासन परिषद को जिम्मेदार ठहराकर अपना पल्ला झाड़ता रहा है। प्रक्रिया का विरोध करने वालों को कांग्रेसी कहकर उनकी आवाज दबाई जाती रही है और अधिकारी अपना काम कर लाभ कमाकर चलते बनते हैं।

नगरपालिका मण्डला में जो टैंचिंग ग्राउंड में सोलर प्लांट लगाया गया उसमें न केवल लाखों का भ्रष्टाचार किया गया बल्कि नियमों को दरकिनार कर अपनी मनमानी की गई वेंडर को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचाया गया काम आज भी अधूरा है लेकिन महीनों पूर्व भुगतान पूरा कर दिया गया।

यहां तक कि जो निविदाकारों से अमानत राशि डी.डी. के रूप में जमा कराने का प्रावधान है उसके स्थान पर निविदाकारों के चैक स्वीकार किये गये। अब निविदा के दौरान अमानत राशि के रूप में चैक स्वीकार करने के नियम कब और किसने बना लिये यह समझ से परे है। इसी तरह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जो छात्रावासों में सोलर वॉटर हीटर, रोटी मैकिंग मशीन, पलंग एवं गद्दे जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदे गये इस पूरी प्रक्रिया में भी बड़े पैमाने में नियमों की अनदेखी करते हुये भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है निविदा उस समाचार पत्र में प्रकाशित कराई गई जो कि मण्डला में आता ही नहीं, निविदा में इकाई अनुसार दर न अंकित कर कुल कितनी सामग्री की सप्लाई होनी है उसकी कुल राशि दर्शाई गई सामग्री के भौतिक सत्यापन में अधिकारियों की लापरवाही सामने आई, सामग्री बाद में छात्रावासों को प्राप्त हुई जबकि भुगतान पहले ही करा लिया गया, क्रय की गई सामग्री गुणवत्ता को लेकर भी प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं अब इन सब बातों की जांच करे तो कौन? जिन जिम्मेदार अधिकारियों पर जांच की जिम्मेदारी है वे ही सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे है।

त्यौहारों से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्ती, मिठाई और रेस्टोरेंट से लिए नमूने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आगामी त्यौहारों को देखते हुए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। 24 अक्टूबर 2026 को घुघरी में खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

घुघरी बस स्टैंड स्थित आनंद अग्रवाल स्वीट्स से पनीर, खोवा और पेड़ा तथा प्रांजल स्वीट्स से मगज लड्डू और मिल्क केक के नमूने लिए गए। भानुमति दूध डेयरी में साफ-सफाई की कमी और कोल्ड ड्रिंक की बोतलों पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि स्पष्ट नहीं मिलने पर करीब 3 हजार रुपये कीमत की बोतलें मौके पर नष्ट कराई गईं। स्नेह दूध डेयरी का भी निरीक्षण किया गया।

वहीं, महाराजपुर स्थित किंगफिशर वाटर पार्क के रेस्टोरेंट से ग्रेवी और अंडा बिरयानी के नमूने लिए गए। निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करने के लिए संचालक को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बक्छेरादौना में प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित

मण्डला। मंडला विकासखंड के ग्राम बक्छेरादौना में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्रवाहिनी समिति के तत्वावधान में सेक्टर लिंगा-पौड़ी स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य कुंजीलाल मारावी, सरपंच श्रीमती प्रमिला बरकड़े, विकासखंड समन्वयक संतोष झारिया, प्रवाहिनी समिति अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ज्योतिषी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता तिवारी सहित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी व छात्र उपस्थित रहे। वक्ताओं ने ग्राम विकास में प्रस्फुटन समितियों की भूमिका, स्वावलंबन, दस्तावेजीकरण एवं अभिलेख संधारण के महत्व पर प्रकाश डाला। नशामुक्ति में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

एक हजार मेधावी छात्रों को वितरण की गई छात्रवृत्ति

*** कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



श्रीराम सेवा संकल्प के तत्वावधान में आयोजित 'नवगति-हर सफर में प्रगति' ट्रांसपोर्ट परिवार महोत्सव के अंतर्गत एजुकेशन स्कॉलर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडला स्टाफ का विशेष योगदान रहा। शाखा प्रबंधक सहित स्टाफ ने कार्यक्रम में शिरकत की और कार्यक्रम को सफल बनाया। यहां बालाघाट क्षेत्र के कक्षा 7वीं से 12वीं तक के करीब एक हजार मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि बालाघाट सांसद भारती पारधी, लांजी विधायक राजकुमार कराहे, पूर्व आयुष मंत्री रामकिशोर कांवरे रहे। विशेष अतिथि के रूप में श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के बिजनेस यूनिट हेड सचिन सिंह शेखावत और भोपाल जोनल बिजनेस हेड संतोष सिंह, मंडला एवं बालाघाट के रीजन कलेक्शन हेड राजमणि रजक व मंडला और बालाघाट के शाखा प्रबंधक एवं कंपनी का स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ छात्रवृत्ति राशि प्रदान की गई।

12 वर्षों से विद्यार्थियों को दी जा रही छात्रवृत्ति

श्रीराम फाइनेंस के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ बिजनेस यूनिट हेड सचिन सिंह शेखावत ने बताया कि कंपनी पिछले 12 वर्षों से ट्रांसपोर्टर्स और ट्रैवल्स से जुड़े परिवारों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट से जुड़े कई परिवारों के सदस्य अपने परिवार से कई महीनों तक दूर रहकर काम करते हैं और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मेहनत करते हैं। ऐसे परिवारों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऐसे बच्चे आगे बढ़ें और अपने परिवार, गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों और विद्यार्थियों का उन्होंने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी श्रीराम फाइनेंस की इस पहल की सराहना की। विद्यार्थियों ने कहा कि छात्रवृत्ति की राशि उनकी आगे की पढ़ाई में उपयोगी साबित होगी। इससे उन्हें बेहतर शिक्षा हासिल करने के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में बालाघाट कलेक्टर आदित्य सिंह, बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा श्रीराम फाइनेंस के मंडला और बालाघाट शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

विंध्य में नई रेल लाइनें, फिर मंडला की परियोजनाएं अब भी लंबित क्यों? कब मिलेगी रेल की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



मध्यप्रदेश के विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में 24 अक्टूबर 2026 को सतना-देवेंद्रनगर और रीवा चुरहट रेलखंडों के उद्घाटन तथा नई ट्रेन सेवा शुरू करने का कार्यक्रम है। इन दोनों रेलखंडों की कुल लंबाई 118 किलोमीटर है। सीधी जिले को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ने की यह पहल क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। लेकिन इसी बीच आदिवासी बहुल मंडला जिले के लोग भी सवाल पूछ रहे हैं- आखिर मंडला की बारी कब आएगी? पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडौरी-मंडला-घंसौर लखनादौन-गोटेगांव (श्रीधाम) तक प्रस्तावित नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर का सपना अब तक धरातल पर क्यों नहीं उतर पाया? बिलासपुर मंडला-जबलपुर रेल संपर्क के विस्तार की दिशा में ठोस प्रगति कब दिखाई देगी? इन महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को लेकर क्षेत्र की जनता आखिर कब तक इंतजार करेगी? रेल परियोजनाएँ लंबित, कनेक्टिविटी की कमी बरकरार मंडला जिले के लिए रेल सुविधा केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि रोजगार, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और पर्यटन के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। इसके बावजूद जिले की प्रमुख रेल मांगों पर जनता को अब भी ठोस परिणामों का इंतजार है। पेंड्रा रोड से अमरकंटक, डिंडौरी, मंडला, घंसौर, लखनादौन और गोटेगांव (श्रीधाम) तक नई रेल लाइन की मांग। बिलासपुर पंडरिया मंडला-जबलपुर रेल संपर्क प्रस्तावित रेल विस्तार को आगे बढ़ाने की जरूरत। पेंचवैली एक्सप्रेसः मंडला फोर्ट से नियमित परिचालन और मंडला को व्यावसायिक शुरुआती स्टेशन बनाने की मांग। नागपुर कनेक्टिविटीः मंडला से नागपुर के लिए बेहतर और सुविधाजनक रेल संपर्क की जरूरत। इन मांगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि मंडला की रेल कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए ठोस समयबद्ध कार्ययोजना कब सामने आएगी? 35 साल की राजनीतिक सेवा, फिर भी विकास का हिसाब कौन देगा? मंडला के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते लंबे समय से क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय हैं और वर्षों से जनता का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं, लेकिन अब जनता के सामने एक महत्वपूर्ण सवाल है-लंबे राजनीतिक अनुभव का लाभ मंडला के बुनियादी विकास में कितनी तेजी से दिखाई दिया? यह सवाल किसी व्यक्ति की राजनीतिक सेवा को नकारने का नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधित्व के परिणामों का हिसाब मांगने का है। रेल परियोजनाओं की प्रगति, नई ट्रेनों का परिचालन, बेहतर सड़कें, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय रोजगार जैसे मुद्दों पर जनता को स्पष्ट जवाब और समयसीमा चाहिए। रेल ही नहीं, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा का भी संकट मंडला की विकास संबंधी चुनौतियाँ केवल रेलवे तक सीमित नहीं हैं। जिले के युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करना, उच्च शिक्षा के लिए बेहतर संस्थान उपलब्ध कराना स्वास्थ्य उपलब्ध कराना, सड़कों की गुणवत्ता सुधारना और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। जिले में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा के पर्याप्त अवसरों, उद्योगों और रोजगार के विस्तार तथा बुनियादी सुविधाओं को लेकर गंभीर चर्चा की जरूरत है। जब युवाओं को अच्छी शिक्षा और रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर जाना पड़ता है, तब क्षेत्रीय विकास के दावों का मूल्यांकन और भी जरूरी हो जाता है। बेहतर रेल संपर्क से व्यापार स्वास्थ्य पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन इसके लिए रेलवे, राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों को मिलकर ठोस योजना बनानी होगी। विंध्य को नई रेल लाइनें, मंडला को कब मिलेगा न्याय? जब सतना-देवेंद्रनगर और रीवा चुरहट जैसे रेलखंडों पर काम आगे बढ़ सकता है, तो मंडला की नई रेल परियोजनाओं को भी प्राथमिकता दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास क्यों नहीं किए जा सकते? हर क्षेत्र की भौगोलिक और तकनीकी परिस्थितियाँ अलग होती हैं। इसलिए दूसरी जगह रेल लाइन शुरू होने का अर्थ यह नहीं कि मंडला की परियोजनाएँ तुरंत स्वीकृत हो जाएँगी। लेकिन इससे यह सवाल जरूर उठता है कि मंडला की परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, स्वीकृति, वित्तीय प्रावधान और निर्माण की संभावित समयसीमा जनता के सामने स्पष्ट क्यों नहीं रखी जाती? आदिवासी बहुल मंडला को भी विकास की मुख्यधारा में समान अवसर मिलने चाहिए। यहां की जनता को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस प्रगति चाहिए। पेंड्रा अमरकंटक डिंडौरी मंडला घंसौर लखनादौन गोटेगांव वाली रेल लाइन की वर्तमान आधिकारिक स्थिति क्या है और इसे आगे बढ़ाने के लिए अगला कदम कब उठेगा? बिलासपुर-मंडला-जबलपुर प्रस्ताव पर क्या प्रगति हुई है? पेंचवैली एक्सप्रेस और पातालकोट एक्सप्रेस को मंडला फोर्ट तक लाने के लिए क्या ठोस प्रयास किए गए हैं? मंडला से नागपुर के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी की योजना कब बनेगी? मंडला जिले में उच्च शिक्षा, स्थानीय रोजगार, स्वास्थ्य बेहतर सड़क और पेयजल सुविधाओं के विस्तार के लिए समयबद्ध कार्ययोजना क्या है? मंडला की जनता जानना चाहती है-विकास की इन लंबित मांगों पर जवाबदेही कौन तय करेगा और काम कब शुरू होगा? मंडला को विकास की दौड़ में पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

पहल | कौशल पुलिस केन्द्र भीमडोंगरी में प्रतियोगी परीक्षार्थियों को मिला विशेष मार्गदर्शन।

युवाओं के भविष्य को संवारने की अनूठी पहल

*** मेहनत, लगन और अटूट आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कही बात।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



पुलिस अधीक्षक (एसपी) मण्डला राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में कल थाना मोतीनाला अंतर्गत आने वाले कौशल पुलिस केन्द्र, भीमडोंगरी में क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के लिए एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रेरणादायक पहल हॉक फोर्स कैंप भिलवानी (थाना बिछिया, जिला मंडला) के प्रभारी डीएसपी श्री शेखर दुबे जी द्वारा की जा रही है। डीएसपी श्री दुबे का उद्देश्य क्षेत्र के सभी युवाओं को एक मंच पर एकजुट कर उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की पुख्ता तैयारी कराना है। ज्ञात हो कि डीएसपी श्री शेखर दुबे अपनी शासकीय सेवा में आने से पहले भी लम्बे समय से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतरीन तैयारी कराते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पढ़कर पहले भी कई युवा विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी शेखर दुबे ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, अनुशासन और सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने युवाओं को पूरी मेहनत, लगन और अटूट आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को सही दिशा, उचित मार्गदर्शन और पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों के माध्यम से अध्ययन के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। स्थानीय युवाओं और उनके अभिभावकों ने पुलिस प्रशासन की इस सराहनीय पहल का स्वागत करते हुए इसे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। कार्यक्रम के दौरान हॉक फोर्स कैंप भिलवानी प्रभारी डीएसपी श्री शेखर दुबे के साथ उप निरीक्षक श्री अभिषेक पाण्डेय, उप निरीक्षक श्री मनीष तिवारी एवं अन्य हॉक फोर्स के जवान उपस्थित रहे।

विनोद रंग मंच पर शरद पूर्णिमा पर हुआ विशाल भंडारा



भुआ बिछिया मंडला नगर में आज रामलीला दुर्गोत्सव समिति विनोद रंग मंच द्वारा आयोजित शरद पूर्णिमा के अवसर पर रामलीला समिति के कार्यकर्ताओं का सम्मान एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जहां हजारों लोगों ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया*मुक्ति मार्ग की माता महा काली का हुआ विसर्जन*नगर के मुक्ति मार्ग में विराजित मां महा काली का विसर्जन के बाद आज शाम चार बजे विशाल शोभा यात्रा बैंड बजे डीजे आतिश बाजी के साथ निकाली गई जो पूरा नगर भ्रमण करते हुए देर रात मां काली की प्रतिमा का विसर्जन जलाशय में किया गया जहां हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर मां काली का प्रसाद ग्रहण किया शरदपूर्णिमा पर किया *सभी जगह हुआ प्रसाद वितरण*नगर के समस्त दुर्गा पंडालों में जहां जहां मां दुर्गा की स्थापना की गई थी सभी जगह शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित किए गए वहीं अनेकों जगह भंडारा प्रसाद वितरण किया गया फोटो। विनोद रंग मंच में हुआ विशाल भंडारा मुक्ति मार्ग की माता महा काली के विसर्जन के दौरान निकली शोभा यात्रा

खबर संक्षेप

बाल वैज्ञानिकों द्वारा परियोजनाओं की शानदार प्रस्तुति ने किया मग्न मुंध



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में बीते हुये दिवस जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन का आयोजन शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुआ। इसमें ऑनलाइन पंजीयन 28 स्कूलों से 118 से अधिक प्रोजेक्ट आए। इस वर्ष बाल वैज्ञानिको ने सततता के लिए विज्ञान एवं नवाचार विषय पर अपने शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया । कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अध्यक्षता कर रही श्रीमती मालती मेहरा प्राचार्य शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गाडरवारा तथा शिक्षक मधुसूदन पटेल, के के राजोरिया, श्रीमती रश्मि पाराशर, अतिथि तथा रितिका लोधी बाल अध्यक्ष ने सर्वप्रथम सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ विधिवत शुभारंभ किया। तदोपरांत सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बी एल मलैया जिला समन्वयक ने बाल विज्ञान आयोजन की रूपरेखा विस्तार से समझाई। श्रीमती मालती मेहरा ने अपने ने अपने उद्बोधन में कहा की बाल वैज्ञानिक विज्ञान की सोच समझ एवं स्थानीय समस्या के समाधान से देश का विकास होता है। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद नई दिल्ली एवं साइंस सेंटर ग्वालियर के समन्वय से आयोजित इस बाल विज्ञान में निर्णायक के रूप में कमल राजपूत, जी पी शर्मा, आरती मलैया, ए तिवारी, पी के राज,एस डी मिश्रा उपस्थित थे! समापन सत्र में अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर बाल वैज्ञानिको के जज्बे को सराहा। अब राज्य स्तरीय आयोजन दिसंबर में महर्षि महाविद्यालय करौंदी जिला कटनी में होगा तथा राष्ट्रीय आयोजन जनवरी 2027 में छत्तीसगढ़ में होगा। इस अवसर पर विज्ञान क्विज में 6 टीमों ने विज्ञान की समझ, तत्काल उत्तर से अपना कौशल दिखाया।कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र झरिया ने किया तथा अंत में जी पी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।
उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय आयोजन हेतु अनुशंसित परियोजनाओं में सिद्धि राजपूत, कार्तिक सराठे शासकीय उत्कृष्ट संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल साइखेड़ा, नितिन कुशवाहा पीएम श्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय गाडरवारा, कु दुर्गा केवट शासकीय माध्यमिक शाला सांगई, अविरल गर्ग बाल भारती पब्लिक स्कूल गाडरवारा को शामिल किया गया।

पुलियों पर निकलते हुये लोहे की राडे गुणवत्ता की कहानी को कर रही उजागर...

चंद वर्ष पहले बनी सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका सड़क पर निकल रहे गड्ढे बन रहे वाहन चालकों की जिन्दगी के लिये खतरा

हरिभूमि न्यूज/ बारहाबडा।

भले ही देश व प्रदेश में बैठे हुये नेताओं द्वारा लगातार बढ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये कितने ही प्रयास क्यों न किये जावे। मगर यदि प्रशासन तंत्र में बैठे हुये छोटे से लेकर बड़े अधिकारी शामिल हो तो शायद ही इस पर अंकुश लग पाना संभव नही हो पता है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम सूखाखैरी से होते हुये बारहाबड़ा से निकलकर सालीचौका पौड़ार तिरहा तक कुछ ही साल पहले लगभग 76 करोड़ रूपया की राशि से बनाई गई सीमेन्ट सड़क में देखने मिल रहा है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य हुये लगभग मुश्किल से चंद वर्ष का समय ही निकला होगा और यह सड़क जहां तहां जिस तरह टूटते हुये पुलियों के बीचों बीच निकल रही लोहे की राडे वाहन चालको की जिन्दगी को खतरा पैदा तो कर ही रही है दूसरी ओर इस सड़क के निर्माण कार्य में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी को उजागर करने से नही चूक रही है..? वही दूसरी ओर सड़क निर्माण से संबंधित उन अधिकारियों की पोल भी खुलने से नही चूक पा रही है कि आखिरकार उनके द्वारा जिस आधार पर इस सड़क निर्माण कार्य को लेकर अपनी संतुष्टि प्रदान करते हुये कार्य को सही बताते हुये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान कर डाला है..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो करोड़ो की राशि से बनाई गई इस सीमेन्ट सड़क के निर्माण के दौरान ही जिस तरह गफलत बाजी दिखाई देना शुरू हो गया था उस सच्चाई को को हरिभूमि द्वारा लगातार प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी भी अधिकारी द्वारा ध्यान देना उचित नही समझे जाने से लग रहा है कि शायद लक्ष्मी पूजन के आर्शीवाद के चलते अधिकारी भी मग्न हो चुके है? वैसे भी यदि इस सड़क निर्माण कार्य की सच्चाई पर गौर किया जावे तो शुरूआती तौर से ही इस सड़क के निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता









पर सबाल खड़े होने लगे थें? जब सड़क के निर्माण कार्य की शुरूआत करते हुये वक्त कुछ पुलियों का निर्माण कार्य ही हो पाया था कि और ग्राम बारहाबड़ा के पास निर्माणाधीन एक पुलिया निर्माण के दौरान ही धराशाही हो जाने के कारण उसमें काम करने वाले कुछ मजदूरों को चोटे भी आई हुई थी। वही दूसरी ओर इस सीमेन्ट सड़क निर्माण के दौरान की धराशाही हुई पुलिया ने जहां सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सबाल खड़े कर दिये गये थें। इस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता की कहानी को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर करते हुये संपूर्ण सच्चाई से अधिकारियों को समय समय पर अवगत कराया जाता रहा है। मगर कहा जाता है कि जहां लक्ष्मी पूजन का प्रभाव होता है वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को भी आम के पेड़ में इमली लगी हुई दिखाई देने से नही चूक पाती है और शायद यही हाल इस सड़क के निर्माण कार्य की देख रेख में लगे हुये जिम्मेदार अधिकारियों का देखने मिला है जो सड़क निर्माण कार्य में अपनाई जाने वाली गुणवत्ता को निर्माण के दौरान पूर्णरूप से नजर अंदाज करते हुये निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को अपनी ओर से छूट प्रदान करने से नही चूके होगे जिसके चलते यह सड़क जहां निर्माण के चंद वर्ष के अंदर ही जहां तहां से टूटते हुये नजर आने लगी थी और इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को अपनी ओर से प्रदान किये गये संतुष्टि प्रमाण पत्र के चलते निर्माण कार्य का भुगतान हो गया और अपने निर्माण के चंद यानि की मात्र तीन चार साल के अंदर ही यह सड़क जहां तहां से टूटने के साथ पुलियों की और निकल रही लोहे की राड़े वाहन चालकों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर लगभग 76 करोड़ की लागत से बनी हुई इस सड़क मात्र चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात साबित होने से नही चूक रही है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस सोच के चलते क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं द्वारा इस क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान को रखते हुये दिन रात एक करते हुये इस सड़क को स्वीकृत कराने के बाद शासन द्वारा इस सड़क निर्माण के लिये करोड़ो रूपया खर्च करने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर संबंधित विभाग से जुडे हुये अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर जिस प्रकार शासकीय धन की होली खेलते हुये सड़क का निर्माण कार्य किया था और वह सड़क जब अपने निर्माण के चंद वर्ष भी नही चल सकी तो फिर यह अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इस सड़क के निर्माण में हुई गफलत की मलाई में कितने हिस्सेदार रहे होगे की लगातार आवाज उठाये जाने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही हो सकी और करोड़ो की राशि की खुलेआम होली खेले जाने के कारण क्षेत्र की जनता को परेशानियों का सामना करते हुये अपनी जिन्दगी को खतरे में डालने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है..? यदि सड़क निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की निष्ठा के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी और इस विभाग के जुडे हुये उन अधिकारियों से लेकर क्षेत्र की छुटभैया नेताओं के चेहरे भी उजागर हो जावेगे जो इस प्रकार गुणवत्ता को दर किनार सड़क निर्माण का कार्य करने वाली कंपनी को अपना अघोषित रूप से संरक्षण देने से नही चूके है..?

शरद पूर्णिमा पर आज आयोजित होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम तो नर्मदा तटों पर लगेगी भीड़, बारहाबड़ा मकान पर बटेगी अमृत रूपी खीर..

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा पर आज सोमवार को होने के चलते नगर के मंदिरों में भगवान की विशेष पूजन, आरती के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगे। जानकारी के अनुसार इस वर्ष शरद पूर्णिमा पर्व दो दिन होने के चलते लोगों ने कल रविवार को जहां ब्रत पूर्णिमा मनाते हुये पूजन किया तो आज स्नानदान पूर्णिमा क्योंकि सोमवार को होने से सोमवति पूर्णिमा का विशेष शुभ संयोग में आने के कारण लोगों में विशेष पूजन करने के लिये अलग ही उत्साह दिखाई पड़ रहा है। आज शरद व स्नानदान पूर्णिमा होने के चलते महिलाओं द्वारा व्रत रखते हुये भगवान का पूजन किया जावेगा वही खोबा से बने हुये सात लड्डू अर्पित किये जावेगे इसके आलवा स्नान दान की पूर्णिमा होने के कारण भक्तों द्वारा मंदिरों में आरती करने के बाद भगवान को खीर का भोग अर्पित किया जाएगा साथ ही रात में भजन, कीर्तन के आयोजन भी संपन्न होगे। कुछ महिलाओं द्वारा कल भी पूजन किया जा चुका है। इस तरह सोमवति पूर्णिमा विशेष शुभ बेला में आई शरद पूर्णिमा का त्यौहार हर्ष के साथ मनाये जाने की तैयारिया एक दिन पहले से ही दिखाई दे रही थी जिसके चलते शहर के अनेक मंदिरों में भगवान का विषेष श्रृंगार करते हुये पूजन आरती की जावेगी। वही दूसरी ओर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भी स्नान दान करने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। प्रतिवर्ष देखा जाता है कि शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नर्मदा तटों पर सैकड़ो की





संख्या में भक्त गण पैदल नर्मदा स्नान करने के लिये जाते है इसी के चलते पैदल नर्मदा स्नान करने के लिये जाने वाले भक्तों की शहर के अंदर से कल रविवार को शाम 4 बजे से ही शुरू होने के कारण महिला पुरूषों की लम्बी लम्बी कतारे दिखाई देने लगी थी। वही शरद व सोमवति पूर्णिमा के चलते शहर में लोगों द्वारा अपने घरों में माताएं, पुरूष प्रातः स्नान करने के बाद अपने आराध्यों की प्रतिमाएं सुसज्जित कर उनको स्वच्छ आसनों पर विराजमान कर उनकी अक्षत, धूप, पुष्प, सुपारी व पान अर्पित कर पूजा, आराधना करेगे तथा रात्रि में जागरण कर भगवान का भजन कर पूर्णिमा की कथा का विद्वान ब्राम्हणों से श्रवण करेगे। उल्लेखनीय है कि मान्यता के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात्रि में चांदनी के अमृत बरसाने के दौरान खीर, रबड़ी का पात्र भक्त अपने आंगनों में रखेगे और उनकी ओर से इस अमृतमय प्रसाद का वितरण दूसरे दिन किया जाएगा। शरदोत्सव पर शहर में छिटकी धबल चांदनी के बीच रात्रि में अनेक जगह गीत, संगीत के कार्यक्र युवाओं द्वारा आयोजित किये जायेगे। विदित हो कि आज सोमवति स्नानदान पूर्णिमा के चलते क्षेत्र के श्रद्वालु माँ नर्मदा के घाटों पर पहुचकर पुण्यदायिनी माँ नर्मदा में स्नान, दान करते हुए आस्था की डुबकी लगायेगे। वही दूसरी ओर हर साल की भांति समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा के प्राचीन कवीर पंथी मंदिर (मकान) पर भक्तों की भीड़ एकत्र होगी। यहां पर हर साल अमृत रूपी खीर का प्रसादी के रूप में वितरण किया जाता है।

कौड़िया मार्ग स्थिति देवी मंदिर पर आयोजित हुये विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने की प्रसादी ग्रहण







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कहा जाता है कि माँ भवानी के भोग का एक दाना भी यदि कोई व्यक्ति ग्रहण कर लेता है तो उसकी जीवन सफल हो जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये रविवार को व्रत शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित हुये कौड़िया मार्ग स्थित देवी मंदिर के विशाल भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर जहां माता रानी की दर्शन करते हुये सैकड़ो भक्तों ने माँ जगत जननी का आर्शीवाद लिया गया और भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की गई। ज्ञात हो कि यहां पर गाडरवारा शहर के पूर्व पार्षद सुनील ठाकुर के आलवा अन्य देवी भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्र के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन कराया जाता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी बीते हुये रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित हुये इस विशाल भंडारे में क्षेत्र की सैकड़ो देवी स्वरूपा कन्याओं के आलवा अधिकारियों नेताओं से लेकर हजारों महिला पुरूषो द्वारा भंडारे की प्रसादी को ग्रहण करते हुये अपने आपको धन्य किया।

सड़कों पर घुमने वाले पशु लगातार बन रहे सड़क दुर्घना का कारण

गाडरवारा। लोगों द्वारा जिस तरह अपने घरों में पशुओं का दूध निकलते हुये सड़को पर खुला छोड़ने का परिणाम है कि वह वाहनों की चपेट में आने के कारण बेमौत करते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर वाहन चालकों की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से भी नही चूक पा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई कुछ दिनों पहले समीपस्थ ग्राम चिरहकला के पास देखने मिली थी जब सड़क पर बैठे हुये गौवंश के ऊपर एक डम्फर चढ़ जाने के कारण आधा दर्जन गौवंश की मौत होने के चलते समाजसेवियों द्वारा अधिकारियों को ज्ञापन सौपते हुये सड़को पर बैठने वाले पशुओं को व्यवस्थित करने की मांग की गई थी। मगर इन पशुओं की किसी तरह से कोई व्यवस्था नही होने का परिणाम है कि वह आये दिन सड़को पर डेरा जमाये हुये वाहन चालको को जिन्दगी को खतरे में डालते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस को उस समय देखने मिली जब एक युवक अपनी मोटर साईकिल पर सवार होकर गाडरवारा से कौड़िया की ओर जा रहा था।

खेरापति माता दरबार नरसरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। समीपस्थ ग्राम नरसरा स्थित खेरापति माता दरबार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठवें दिवस कथा व्यास पंडित वीरेन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं एवं उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन करते हुये मनमोहक रूप से सुनाया गया। बताया जाता है कि कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। वही कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा एवं कंस वध जैसे प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन को धर्म, प्रेम, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब मनुष्य सच्चे मन से भगवान की भक्ति करता है, तो उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। इस मौके पर उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। भगवान की कथा का श्रवण करने से मन को शांति मिलती है और मनुष्य में सदाचार एवं सेवा भाव का विकास होता है। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्राम नरसरा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।



गुजर झिरिया में 96 वर्षीय नन्ही बाई को मिला स्वामित्व रजिस्ट्री प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार दिलाने की दिशा में जिला कलेक्टर के निर्देशन में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम गुजरझिरिया में 96 वर्षीय वृद्ध महिला नन्ही बाई की स्वामित्व रजिस्ट्री की गई। इस पहल से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के शासन के प्रयासों को बल मिल रहा है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में लगातार स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्र में पात्र व्यक्तियों को उनकी संपत्ति का विधिवत अधिकार प्रदान करना है। ताकि वे अपनी संपत्ति का उपयोग सुरक्षित रूप से कर सकें और भविष्य में उससे संबंधित कार्यों में सुविधा प्राप्त कर सकें। क्षेत्र के ग्राम गुजरझिरिया में पटवारी सौरम कौरव द्वारा स्वामित्व रजिस्ट्री की प्रक्रिया में आवश्यक कार्यवाही की गई। स्वामित्व प्रमाण-पत्र मिलने से हितग्राहियों को अपनी संपत्ति के अधिकार का दस्तावेजी प्रमाण प्राप्त होता है। इसके माध्यम से नियमानुसार बैंक ऋण प्राप्त करने, संपत्ति पर निर्माण कराने तथा अन्य संपत्ति संबंधी कार्यों में सुविधा मिल सकती है। स्वामित्व योजना ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार उपलब्ध कराने के साथ आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र ग्रामीण अपने संपत्ति अधिकारों से वंचित न रहे और उसे योजनाओं का लाभ सहज रूप से मिल सके।

राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को भोपाल संभाग ने ग्वालियर तो इंदौर ने जबलपुर की धुलाई करते हुये लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से नगर के पुराने कॉलेज खेल मैदान सहित विभिन्न मैदानो पर राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के मेचों का आयोजन तीसरे बडे ही रोमांचकारी मुकाबले खेले गये। बताया जाता है कि बालक अंडर-19 आयु वर्ग की विभिन्न संभागीय टीमों के बीच अलग-अलग पूलों के खेले गये मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीमों को विजयी बनाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। रविवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिवस कुल 5 मैच खेले गये। नर्मदापुरम संभाग की टीम ने जनजातीय कार्य विभाग टीम को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से हराया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में बल्लेबाजी करते हुए जनजातीय कार्य विभाग की टीम 10 ओवर में मात्र 59 बना पाई थी। वही जवाब में नर्मदापुरम संभाग की टीम ने 5 ओवर में ही 3 विकेट खोकर 63 रन बनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर



लिया। रीवा संभाग टीम ने सागर संभाग को 8 विकेट से पराजित किया। सागर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 108 रन बनाये। वही जवाब में रीवा संभाग ने सिर्फ 13 ओवर में अपने 2 विकेट खोकर 109 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसी प्रकार से इंदौर संभाग ने जबलपुर को 9 रनो से शिकस्त देते हुये जीत हालिस की गई। इस मैच में इंदौर संभाग की टीम ने निर्धारित 20 ओवरो के मैच सभी विकेट खोकर 118 रन बनाये जवाब में जबलपुर संभाग की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 109 रन बना पाई और 9 रनों ये मैच हार गई। वही भोपाल संभाग ने ग्वालियर को 97 रनो के विशाल अंतर से पराजित किया। बताया जाता है कि निर्धारित 20 ओवरो के मैच में भोपाल संभाग की टीम ने सभी विकेट खोकर 184



रनो का विशाल स्कोर खड़ा किया गया था। वही जवाब में ग्वालियर संभाग की टीम 13 ओवरो में सिर्फ 88 रनो पर ही सिमट गई। इसके बाद दूसरा मैच भोपाल संभाग व उज्जैन के बीच हुआ जिसमें भोपाल संभाग ने उज्जैन संभाग को 5 विकेट से पराजित करते हुये लगातार दूसरी जीत हासिल की गई। निर्धारित 20 ओवरो के मैच में उज्जैन ने बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 153 रन बनाये जवाब में भोपाल की टीम ने 19 वे ओवर में 5 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को पूरा करते हुये जीत का परचम लहराया। इस तरह नगर सहित क्षेत्र के अन्य मैदानों पर आयोजित हो रही शिक्षा विभाग की इस शासकीय क्रिकेट प्रतियोगिता का जहां क्षेत्र के दर्शक आनंद उठाते हुये देखे जा रहे है। मगर वही दूसरी ओर शासन स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में निजी स्तर के एम्पायर होना निश्चित ही सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है..? क्योंकि शासकीय प्रतियोगिता में जब सभी खिलाडी शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र है। वही दूसरी ओर टीमों के साथ आने वाले अधिकारियों से लेकर संपूर्ण व्यवस्थाओं में शिक्षा विभाग के कर्मचारी नियुक्त किये गये है तो फिर खेल के बीच एम्पायर की भूमिका में निजी स्तर के लोगों को शामिल करना सरकार की प्रतियोगिता को सबालों के घेरे में खड़ा करने से नही चूक रही है..?

खबर संक्षेप

अमरकंटक के जंगल में 9,535 साल वृक्षों की कटाई को मंजूरी, जिम्मेदार कौन?

अनूपपुर/अमरकंटक। धार्मिक, प्राकृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण अमरकंटक के जंगलों में साल वृक्षों की कटाई का मामला अब गंभीर सवालों के घेरे में है। साल बोरर कीट से प्रभावित वृक्षों को हटाकर वन संपदा बचाने की दलील दी जा रही है, लेकिन कटाई की अनुमति से जुड़े आंकड़े सामने आने के बाद यह जानना जरूरी हो गया है कि आखिर कितने वृक्ष प्रभावित पाए गए, कितने वृक्षों को काटने की स्वीकृति दी गई और इस पूरी कार्रवाई का वैज्ञानिक आधार क्या है? जंगलों को बचाने के नाम पर हजारों वृक्षों को हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना वन विभाग की जिम्मेदारी है। बीते अगस्त महीने में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा साल बोरर कीट के नियंत्रण को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य साल वृक्षों को प्रभावित करने वाले कीट से निपटने के उपायों पर चर्चा करना था। इसके बाद प्रभावित वृक्षों को हटाने की कार्रवाई को लेकर वन संरक्षण की रणनीति और उसके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों पर सवाल उठने लगे हैं।

जुलाई 2026 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में वन विभाग के आकलन के हवाले से अमरकंटक वन क्षेत्र में लगभग 40 लाख साल वृक्षों में से करीब 22 हजार वृक्षों के प्रभावित होने का उल्लेख किया गया था। वहीं, सितंबर 2026 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, अमरकंटक क्षेत्र में साल बोरर से प्रभावित 9,535 वृक्षों को काटने की अनुमति दिए जाने की जानकारी सामने आई। इससे पहले 5,157.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र का सर्वेक्षण किए जाने की बात भी रिपोर्टों में सामने आई थी। इन आंकड़ों के बीच प्रभावित वृक्षों और कटाई के लिए स्वीकृत वृक्षों की संख्या में अंतर को समझना आवश्यक है। यदि करीब 22 हजार वृक्ष प्रभावित पाए गए थे और 9,535 वृक्षों को काटने की अनुमति दी गई, तो सवाल उठता है कि वृक्षों के चयन के लिए कौन-से वैज्ञानिक मानक अपनाए गए? क्या प्रत्येक वृक्ष की स्थिति का परीक्षण किया गया और क्या यह सुनिश्चित किया गया कि कटाई केवल उन्हीं वृक्षों की हो, जिन्हें हटाना जरूरी है? यह स्पष्ट करना भी जरूरी है कि प्रभावित पाए गए सभी वृक्षों को काटना आवश्यक था या कुछ वृक्षों को उपचार और अन्य वैज्ञानिक उपायों से बचाया जा सकता था। इन सवालों के जवाब के लिए सर्वेक्षण रिपोर्ट और कटाई की स्वीकृति से संबंधित दस्तावेजों का सार्वजनिक होना जरूरी है।

साल वृक्षों की कटाई का मामला केवल अमरकंटक तक सीमित नहीं है। प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, पड़ोसी डिंडोरी जिले में 1,46,784 साल वृक्षों को काटने की अनुमति दिए जाने का उल्लेख किया गया है। अमरकंटक क्षेत्र के 9,535 वृक्षों की अनुमति संबंधी आंकड़े को जोड़ने पर दोनों क्षेत्रों का कुल आंकड़ा 1,56,319 वृक्ष हो जाता है। 1,56,319 वृक्षों का यह संयुक्त आंकड़ा वन प्रबंधन की व्यापकता को रेखांकित करता है। हालांकि, यह अनुमति संबंधी रिपोर्टों पर आधारित कुल संख्या है, वास्तविक कटाई का प्रमाणित आंकड़ा नहीं। दोनों क्षेत्रों में कितने वृक्षों को काटने की स्वीकृति मिली, कितने वृक्ष वास्तव में काटे गए और कितने वृक्ष अभी सुरक्षित हैं, इसका अलग-अलग विवरण सामने आना चाहिए। इतनी बड़ी संख्या में वृक्षों को हटाने की अनुमति के मामले में वैज्ञानिक आधार, निगरानी व्यवस्था और कटाई के बाद वन क्षेत्र की स्थिति का मूल्यांकन महत्वपूर्ण हो जाता है। केवल प्रभावित वृक्षों की पहचान पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी देखना जरूरी है कि उन्हें हटाने से वन पारिस्थितिकी पर क्या प्रभाव पड़ेगा।साल वृक्ष अमरकंटक के जंगलों की प्राकृतिक पहचान हैं। ये वृक्ष वन्य जीवों के आवास, जैव विविधता और वन पारिस्थितिकी के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में साल बोरर से प्रभावित वृक्षों को हटाने की कार्रवाई के दौरान संक्रमित, कमजोर और स्वस्थ वृक्षों के बीच स्पष्ट अंतर करना आवश्यक है। वन विभाग का तर्क है कि प्रभावित वृक्षों को हटाकर अन्य वृक्षों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इस कार्रवाई की सफलता का आकलन वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर ही किया जा सकता है।

राष्ट्रीय बजरंग दल की सूचना पर छह मवेशियों से भरा पिकअप पुलिस के सुपुर्द

शहपुरा।

जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया कला आम रोड पर छह मवेशियों से भरे एक पिकअप वाहन का मामला सामने आया है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वाहन की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद वाहन को पुलिस के सुपुर्द किया गया। वहीं, वाहन में मिले छह मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए करौंदी स्थित टेकेश्वर साहू की गौशाला में व्यवस्था की गई।प्राप्त शिकायत के अनुसार, राष्ट्रीय बजरंग दल के शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल अपने सहयोगियों के साथ सुबह पड़रिया कला आम रोड पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें एमपी 20 जेडडब्ल्यू 0536 नंबर का एक पिकअप वाहन दिखाई दिया। शिकायत में बताया गया है कि वाहन चालक मौके पर पिकअप छोड़कर फरार हो गया।इसके बाद वाहन की जांच करने पर उसमें छह मवेशी मिले। शिकायत के मुताबिक, मवेशियों के गले और पैरों में रस्सियां बंधी थीं तथा वाहन में पानी की व्यवस्था नहीं थी। मवेशियों की स्थिति को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने वाहन चालक की आसपास तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद मामले की जानकारी शहपुरा पुलिस को दी गई और पिकअप वाहन पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

गौशाला में की गई मवेशियों की व्यवस्था

वाहन से मिले सभी छह मवेशियों को सुरक्षित रखने और उनकी देखभाल के लिए करौंदी स्थित टेकेश्वर साहू की गौशाला में व्यवस्था की गई। कार्यकर्ताओं ने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में सहयोग किया। मामले की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने के साथ ही उनके रखरखाव की व्यवस्था भी की गई।इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जितेंद्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय



बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। संगठन के जिला सह मंत्री हिमांशु अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, तुषार विश्वकर्मा, साहिल झरिया, राहुल यादव, अनुराग ठाकुर, मयंक कछवाहा, सत्यम, शुभम, निखिल, गणेश, ओम और पवन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यकर्ताओं ने संदिग्ध वाहन की जानकारी पुलिस तक पहुंचाई और मवेशियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था कराने में सहयोग किया।



पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

शहपुरा थाने से प्राप्त पत्र के अनुसार, मामले में अपराध क्रमांक 607/2026 के तहत पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जांच के दौरान वाहन चालक की पहचान करने के साथ ही मवेशियों को कहां से लाया जा रहा था और उन्हें कहां ले जाया जाना था, इस संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस जांच के आधार पर की जाएगी।

गुरैया में बेखौफ चोरों की दस्तक मकान के ताले तोड़कर की चोरी



शहपुरा

जिले के शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरैया में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाया। चोर घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कमरों में लगे तालों को तोड़ते हुए सामान की तलाशी ली। इस दौरान घर में रखी पेटी, कपड़े सहित अन्य सामान अस्त-व्यस्त मिला।जानकारी के अनुसार, शनिवार की रात अज्ञात चोर ग्राम गुरैया स्थित एक मकान में दाखिल हुए। चोरों ने सबसे पहले घर के मुख्य गेट पर लगे ताले को तोड़ा। इसके बाद अंदर प्रवेश कर कमरों के ताले तोड़ दिए और घर में रखे सामान को खंगालना शुरू कर दिया। इस दौरान पेटी और कपड़ों सहित अन्य घरेलू सामान इधर-उधर बिखरा दिया गया।घटना की जानकारी मिलने पर मकान मालिक ने शहपुरा थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।फिलहाल चोरी गए सामान और उसकी अनुमानित कीमत के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पहचान करने और घटना से जुड़े सुराग जुटाने में लगी हुई है।ग्राम गुरैया में हुई इस वारदात के बाद क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर चर्चा है। अब पुलिस जांच के बाद ही चोरी की वास्तविक स्थिति और आरोपियों के संबंध में जानकारी सामने आ सकेगी।

अनूपपुर एसपी विक्रांत मुराब प्रशिक्षण पर, अंकित सोनी संभालेंगे जिले की कमान

अनूपपुर। अनूपपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद रवाना हो गए हैं। उनके प्रशिक्षण पर रहने के दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक का प्रभार भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 2017 बैच के अधिकारी अंकित सोनी संभालेंगे। शासन द्वारा रविवार को जारी आदेश के अनुसार, सोनी 26 अक्टूबर से 20 नवंबर तक जिले की पुलिस व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाएंगे। वह वर्तमान में भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) के पद पर पदस्थ हैं।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिल रहा संपत्ति का वैधानिक अधिकार

डिण्डौरी।

ग्रामीणों को उनकी आवासीय भूमि का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित स्वामित्व योजना के तहत ग्राम डाडबिदयपुर माल में कमलेश सिंह के 75 वर्ग मीटर भूखंड की रजिस्ट्री की गई। यह भूखंड प्लॉट नंबर 301, आबादी खसरा नंबर 559 में स्थित है।

स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी भूमि पर निवासरत परिवारों को उनकी संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति का



वैधानिक प्रमाण प्राप्त करने में मदद मिल रही है। साथ ही, भूमि एवं संपत्ति से जुड़े मामलों में अधिकारों की स्पष्टता सुनिश्चित करने की दिशा में भी यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।योजना के तहत संपत्ति का अभिलेख उपलब्ध होने से ग्रामीणों को भविष्य में विभिन्न संपत्ति संबंधी कार्यों में सुविधा मिल सकती है। ग्राम डाडबिदयपुर माल में कमलेश सिंह के भूखंड की रजिस्ट्री इसी पहल का हिस्सा है।स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण आबादी भूमि के अभिलेखीकरण को बढ़ावा मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने के साथ ही संपत्ति के अधिकारों को लेकर अधिक स्पष्टता और सुरक्षा मिल सकेगी।

ग्राम पंचायत इंदौरी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

शहपुरा - मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डिंडोरी के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति शहपुरा द्वारा ग्राम पंचायत इंदौरी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, निःशुल्क विधिक सहायता और न्याय प्राप्त करने की प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड शहपुरा एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष कर्नल सिंह श्याम ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, मीडिएशन (मध्यस्थता) तथा नेशनल लोक अदालत जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी देते हुए लोगों को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति



जागरूक किया।

कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील

शिविर के दौरान न्यायाधीश ने आम नागरिकों को विधिक सेवा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद पात्र व्यक्ति निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही मीडिएशन के माध्यम से आपसी सहमति से विवादों के समाधान तथा नेशनल लोक अदालत के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संवादात्मक बनाते हुए न्यायाधीश ने उपस्थित लोगों से विभिन्न प्रश्न पूछे और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इससे ग्रामीणों को कानूनी प्रक्रियाओं को समझने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

12 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

शिविर में आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को लोक अदालत की उपयोगिता तथा आपसी सहमति से विवादों के निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधिक साक्षरता शिविर के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत इंदौरी का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने और आमजन को न्यायिक सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

रेडक्रॉस सोसाइटी ने मृतक उत्तम सिंह धुर्वे की मां को दी 50 हजार रुपये की सहायता

डिण्डौरी।

जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम झनकी में 24 अक्टूबर 2026 को साप्ताहिक बाजार के दिन हुई घटना में मृतक उत्तम सिंह धुर्वे के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से मृतक की माता श्रीमती समरबती बाई धुर्वे को 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई, ताकि इस दुखद घड़ी में परिवार को आर्थिक संबल मिल सके।सहायता राशि प्रदान करने के दौरान बजाग एसडीएम पुष्पेन्द्र अहके, एसडीओपी विवेक गौतम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पंकज तेकाम, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन नरेंद्र राजपूत एवं



कोषाध्यक्ष सचिन जैन उपस्थित रहे।इस अवसर पर अधिकारियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही, कठिन परिस्थितियों में परिवार को सहयोग प्रदान करते हुए हरसंभव संबल देने की पहल की।रेडक्रॉस सोसाइटी की इस पहल का उद्देश्य दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और उन्हें इस कठिन समय में सहारा देना है।



अमरपुर में विधायक कप प्रो. कबड्डी का भव्य शुभारंभ

अमरपुर। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में विधायक कप प्रो. कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिस कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम अमरपुर के वरिष्ठ नागरिक अनिल मिश्रा ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता तीरथ मूलचंदानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव, स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच रामनाथ उइके, सांसद प्रतिनिधि राजेश कछवाहा, मण्डल महामंत्री रामकुमार वनबासी, मंत्री मनीष ठाकुर, नारायण ठाकुर, डॉक्टर पी के मण्डल, डॉक्टर विश्वास सहित प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित रहे। मण्डल अध्यक्ष आकाश नामदेव ने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय हैं। जिस प्रतियोगिता की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 रुपए हजार नगद व ट्रॉफी, उप विजेता को 6 रूपए हजार नगद व ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को भी 5 रूपए हजार नगद व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। शुभारंभ कब्बड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला कुरकवारा टीम एवं चौबीसा टीम के मध्य खेला जा रहा हैं। अमरपुर में आयोजित इस विधायक कप प्रो. कब्बड्डी प्रतियोगिता का समापन 27 अक्टूबर को शहपुरा विधानसभा के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

ग्राम धनवासी में सेवादल कांग्रेस ने किया झंडा वंदन



अमरपुर।

जिला सेवादल कांग्रेस की मासिक परंपरा के तहत अक्टूबर माह के अंतिम रविवार को अमरपुर ब्लॉक के ग्राम धनवासी में झंडा वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर ध्वज को नमन किया।इस अवसर पर जिला सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सरैया, अमरपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, सेवादल उपाध्यक्ष कैलाश धुर्वे, लियाकत अली, रोहिणी पाराशर, पूर्व अध्यक्ष एकलव्य धुर्वे, सत्य प्रकाश बेलिया, कुंवर सिंह उइके, जय सिंह परस्ते एवं रामदीन मरकाम मनोरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।झंडा वंदन के पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्यकर्ताओं ने आपसी सहभागिता और संगठनात्मक गतिविधियों पर विचार साझा किए।

100 डिब्बों में भरा करीब 1500 किलो महुआ लाहन नष्ट, सात बोरी महुआ और गुड़ जब्त

झीमर में अवैध महुआ लाहन के अड्डों पर आबकारी विभाग का छापा

जमीन में गाड़कर रखे गए थे प्लास्टिक के डिब्बे, मौके से नहीं मिला कोई आरोपी

राजनगर। रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद डूमरकछार के वार्ड क्रमांक 12 स्थित झीमर कॉलरी में शनिवार, 24 अक्टूबर को आबकारी विभाग की टीम ने अवैध कच्ची शराब बनाने के ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान जमीन में गाड़कर रखे गए प्लास्टिक के डिब्बों से करीब 1500 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा सात बोरी महुआ, गुड़ और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जब्त की गई। हालांकि, कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। आबकारी विभाग की टीम ने झीमर कॉलरी के क्वार्टर क्रमांक एम/112 में दबिश देकर अवैध कच्ची शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली करीब सात बोरी महुआ, 30 किलोग्राम पैक गुड़ की एक पेटी तथा एक झोले में रखा गुड़ जब्त किया। मौके से 20 लीटर क्षमता वाली कुछ प्लास्टिक की थैलियां भी मिलीं, जिन्हें वहीं नष्ट कर दिया गया। इसी क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित एक बाड़ी में जमीन के भीतर छिपाकर रखे गए करीब 100 प्लास्टिक के डिब्बे बरामद किए गए। इनमें लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लाहन होने की जानकारी सामने आई। आबकारी टीम ने सभी डिब्बों को बाहर निकलवाकर लाहन नष्ट कराया।

अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज

आबकारी विभाग ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है। विभागीय कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी राजनगर कृष्णकांत उइके, आबकारी उपनिरीक्षक सहाजू सिंह परस्ते तथा मुख्य आरक्षक महबूब अहमद खान, विक्रांत नामदेव और लाल साकेत की भूमिका रही। कार्रवाई के दौरान एसईसीएल के वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी रविशंकर शर्मा तथा क्षेत्र के पत्रकार रविंद्र कुमार सिंह, श्रीमती रीना शर्मा, ओमप्रकाश रवि और सतीश चंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे। स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं, कि झीमर क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से अवैध कच्ची शराब बनाने और बेचने का कारोबार चल रहा है। इस कारोबार में पांच लोगों के कथित सिंडिकेट के सक्रिय होने का तथा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में शराब की आपूर्ति किए जाने के दावे भी सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों के दावों के मुताबिक, झीमर से खोंगापानी, लेदरी, झगड़ाखांड और मनेन्द्रगढ़ सहित छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में शराब पहुंचाई जाती है।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

खबर संक्षेप



राष्ट्रसेविका समिति ने मनाया विजयादशमी एवं स्थापना दिवस उत्सव

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रसेविका समिति मां नर्मदा शाखा करेली जिला नरसिंहपुर (महाकौशल प्रांत) की सेविका बहिनों द्वाराशास्त्र व शस्त्र पूजन विजयादशमी उत्सव एवं स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्लोक , सुभाषित वाचन किया गया एवं प्रात्यक्षिक (योगाभ्यास एवं का उच्चारण) कराया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती श्रीमती रंजनासिंह दीदी मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं साहित्यकार श्रीमती श्रद्धा दुबे दीदी ने राष्ट्रसेविका समिति के नौ दशकों की यात्रा की परिपूर्णता पर प्रभाव से परिवर्तन की यात्रा विषय पर बताए बिंदुओं पर प्रकाश डाला, इसके उपरांत एकल गीत समूह गीत दके तदन्तर शांति पाठ के साथ कार्यक्रम की पूर्णता की गई ।

बलराम कृषि महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले में 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले बलराम कृषि महोत्सव-2026 के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों से कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में वर्चुअली संवाद करेंगे। इस अवसर पर नरसिंहपुर जिले के पांच चयनित किसान मुख्यमंत्री से संवाद कर अपनी कृषि गतिविधियों, नवाचारों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव से संवाद करने वाले किसानों में ग्राम चीलाचैन कला के इन्द्रपाल पटेल, विकासखंड चीचली के ग्राम पुआरिया की श्रीमती शिवानी कौरव, विकासखंड गोटेगांव के ग्राम रीछा के लक्ष्मण पटेल, विकासखंड करेली के ग्राम करताज के राकेश वहीं विकासखंड चांवरपाठा के ग्राम देगुवां के लक्ष्मण रघुवंशी शामिल हैं। बलराम कृषि महोत्सव के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, कृषि विविधीकरण, उद्यानिकी एवं कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। किसानों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाएं तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक उत्पादक एवं लाभकारी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

प्रशासक यादव का आगमन आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव आज 26 अक्टूबर को जिले में आयोजित बलराम महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके पूर्व श्री यादव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में आयोजित समीक्षा बैठक में बैंक द्वारा कृषकों और आमजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत अपेक्स बैंक प्रशासक श्री यादव सर्किट हाउस में आमजन से भेंट करेंगे।

पुलिस ने स्कूल के सामने पकड़ी 60 लीटर अवैध शराब

पांढुर्णा गत दिवस विकासखंड के ग्राम राजोराकला में पुलिस ने महुआ से बनी 60 लिटर अवैध शराब सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजोराकला में पांढुर्णा पुलिस ने कारवाई करते हुए चार कुप्पियों में ले जाई जा रही कच्ची शराब को जब्त कर लिया।

हाथभट्टी में बनी अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पांढुर्णा पुलिस ने यह कारवाई की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।पुलिस के अनुसार, 24 अक्टूबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने यह कारवाई की।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को बूथ स्तर तक ले जाएगी कांग्रेस

निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए देशव्यापी अभियान चलाएगी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कांग्रेस सांसद एवं एआईसीसी पर्यवेक्षक कल्याण काले ने होटल सावित्री सिग्नेचर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता, प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को देशव्यापी स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित की जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश द्वारा घोषित अभियान के तहत पार्टी संगठन को प्रदेश, जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर तक सक्रिय कर मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूचियों में हुए व्यापक बदलावों की पारदर्शी जांच आवश्यक है। पार्टी का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम प्रक्रियागत त्रुटियों के कारण मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। इसके लिए घर-घर संपर्क, मतदाता सूची की जांच, शिकायतों का संकलन और संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष मामलों को उठाने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।

मध्य प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े, मतदाता सूची में बड़े बदलाव

श्री काले ने बताया कि मध्य प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची से संबंधित प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसआईआर से पहले प्रदेश में 5,74,06,143 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारूप मतदाता सूची में यह संख्या 5,31,31,983 रही, जबकि अंतिम मतदाता सूची में 5,39,81,065 मतदाता दर्ज किए गए। पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान कुल 34,25,078 नाम हटाए जाने की जानकारी सामने आई। वहीं, प्रारूप सूची से अंतिम सूची तक 8,49,082 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई। अंतिम मतदाता सूची में 2,79,04,975 पुरुष, 2,60,75,186 महिला और 904 तृतीय लिंग के मतदाता दर्ज किए गए। नाम हटाने के कारणों में अनुपस्थित मतदाता, मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता और दोहरी प्रविष्टियां जैसी श्रेणियां शामिल थीं। इस अवसर पर उपस्थित विधायक नारायण पट्टा, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, विनय सक्सेना ने बताया कि जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर अभियान चलेगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ लेवल एजेंटों बीएल्ए के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी बनाने की योजना है। 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक गांवों में चैपालों, घर-घर संपर्क और संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से मतदाता सूची की जांच की जाएगी।

25 और 26 नवंबर को दिल्ली चलो कार्यस्र5म

अभियान के अगले चरण में 25-26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली चलो कार्यक्रम प्रस्तावित है।, मध्य प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को 25 नवंबर को ग्वालियर में एकत्रित करने और 26 नवंबर को दिल्ली के लिए रवाना करने की तैयारी है। कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा, यात्रा व्यवस्था और प्रतिभागियों की जिम्मेदारियां पार्टी के आधिकारिक निर्देशों के अनुसार तय की जाएंगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष गुप्ता एवं अजय दुबे ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संभावित त्रुटियों से संबंधित प्रत्येक शिकायत की जांच तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर होनी चाहिए। पार्टी इस मुद्दे को संगठनात्मक अभियान, जनजागरूकता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से उठाती रहेगी। उक्त मौके पर मैथिलीशरण तिवारी ,नरेंद्र राजपूत, देवेंद्र पटेल गुड्डू भैया, लाखन सिंह पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस पर्यवेक्षक ने पत्रकार वार्ता के पूर्व जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियो की बैठक ली।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक रुचियों एवं समस्याओं की जानकारी ली। श्रीमती स्थापक ने कहा कि बेटियां आज शिक्षा, खेल, कला, तकनीक और प्रौद्योगिकी सहित हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। छात्राएं अपनी प्रतिभा को पहचानें, लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करें। छात्राओं को प्रेरित करते हुए श्रीमती स्थापक ने रामचरितमानस के चरित्रों का उदाहरण दिया। उन्होंने सकारात्मक चिंतन, सही आचरण, साहस, सजगता और निरंतर प्रयास को सफलता का आधार बताया। संवाद के दौरान उन्होंने छात्राओं की विषयवार रुचियों की जानकारी ली। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाली छात्राओं की सराहना की, वहीं अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आने वाली छात्राओं को निराश न होकर अपनी कमियों को पहचानने और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। निरीक्षण के दौरान भोजन कक्ष, आवास, स्वच्छता और पढ़ाई से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। श्रीमती स्थापक ने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे खुलकर अपनी बात रखें। श्रीमती निशा सोनी ने छात्राओं के लिए टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित कराने का सुझाव दिया। इस अवसर पर मोहरकांत पटेल, आदित्य शर्मा, नवीन पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुशवाहा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, छात्रावास वार्डन श्रीमती सीमा दीक्षित सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

नर्मदा समृद्धि परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नर्मदा समृद्धि परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नर्मदा तटवर्ती ग्रामों के समग्र विकास के संबंध में को जिला पंचायत नरसिंहपुर के सभागृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में नर्मदा नदी के किनारे स्थित 91 ग्रामों की ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा विभिन्न योजनाओं के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा नर्मदा तटवर्ती ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक संख्या में श्एक बगिया मां के नाम्य परियोजना स्वीकृत करने, अतिक्रमण मुक्त भूमि को तीन वर्ष के अनुबंध पर स्वयं सहायता समूहों को सौंपकर सब्जी एवं मसालों का उत्पादन कराने तथा नदी किनारे फूलों की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। साथ ही मधुमक्खी पालन की गतिविधियों का विस्तार करने और जल संरक्षण एवं मृदा संवर्धन के अधिकाधिक कार्यों को जी राम जी के प्लानर में शामिल करने के लिए कहा गया। बैठक में ग्राम पंचायतों में जलकर, स्वच्छता कर, संपत्ति कर एवं प्रकाश कर की नियमानुसार वसूली सुनिश्चित करने, ऑनलाइन बिल जनरेट करने तथा प्रत्येक परिवार को पंचायत की सेवाओं से जोडने पर जोर दिया गया। कर वसूली के लिए स्वयं सहायता समूहों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण देने तथा नियमानुसार कमीशन देने के निर्देश भी दिए गए। अतिक्रमण वाली भूमि को संबंधित तहसीलदारों के समन्वय से मुक्त कराने और उसकी फेंसिंग कराने के लिए कहा गया। इस दौरान अमित द्वारा करारोपण एवं ऑनलाइन बिल जनरेट करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जी राम जी के अंतर्गत कार्यों के चयन से लेकर कार्य प्रारंभ करने तक की प्रक्रिया समझाई गई। बैठक में सरपंचों एवं सचिवों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा में ABVP की नगर व समीक्षा बैठक संपन्न

महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव का हुआ आत्मीय स्वागत



गोटेगांव। 25 अक्टूबरःआज ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की नगर बैठक एवं समीक्षा बैठक गरिमामयी माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव एवं नरसिंहपुर व कटनी जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी की विशेष उपस्थिति रही।श्रीमद्भागवत ग्रंथ भेंट कर अतिथियों का स्वागतबैठक की शुरुआत में अतिथियों का भावुक व आत्मीय स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत गोटेगांव खेड़ा की सरपंच श्रीमती प्रियंका खेमरिया एवं उपस्थित छात्र साथियों द्वारा अतिथियों को पवित्र श्रीमद्भागवत ग्रंथ भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन व सम्मान किया गया। राष्ट्रवाद और देश सेवा का आह्वानबैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री मनोज यादव ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, ₹आज के युवाओं को राष्ट्रवाद की विचारधारा के साथ आगे आना चाहिए। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना ही देश को उन्नति के शिखर पर ले जा सकती है, अतः प्रत्येक विद्यार्थी को देश सेवा में अपना योगदान देना चाहिए।₹आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन पर चर्चासमीक्षा बैठक के दौरान विद्यार्थी परिषद के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत करने पर बल दिया गया।प्रमुख उपस्थितिइस अवसर पर अभाविप के जिला संयोजक प्रियांश पटेल, जिला छात्रा प्रमुख श्रीति लोधी , अमन साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं एवं परिषद के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम्₹ के ओजस्वी नारों के साथ हुआ।

श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान संपन्न



तेंदूखेड़ा विगत दिवस श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राजमार्ग चौराहे पर पारस धाम में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ।19 से 23 अक्टूबर तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधानपूर्वक सिद्धों की आराधना एवं पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित किया।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान विधानाचार्य ब्रह्मचारी अरुण भैया ब्रह्मचारी संजू भैया एवं ब्रह्मचारी अंकित भैया के मार्गदर्शन में विधिवत सानंद सम्पन्न हुआ। विधान के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता करते हुए भगवान जिनेंद्र की आराधना की। जिसमें डोभी तेंदूखेड़ा बरमान बिलेहरा करेली सहित विभिन्न स्थानों की दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु पहुंचे और धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्यार्जन किया। पांच दिवसीय आयोजन की सफलता में समाजजनों एवं भाग्योदय परिवार का विशेष सहयोग रहा।

सांसद ने जाना लोगों का हाल-चाल और दिवंगत जनों को अर्पित की श्रध्दांजलि

छिंदवाड़ा। जिले के आमजनों के साथ-साथ भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच लोगों के दुख में भी शामिल हुए। अति व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पारिवारिक माहौल में चर्चा करना सांसद श्री साहू के स्वभाव में शामिल हैं। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम थावरीकलां में विभिन्न लोगों के निवास स्थान पहुंचकर मुलाकात की। जिसके तहत उन्होंने ग्राम थावरीकलां में नीरज मोहबिया के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता गयाप्रसाद मोहबिया से मुलाकात करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह सम्मेलन 21 नवंबर को तेन्दूखेड़ा में

आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर की गई

तेंदूखेड़ा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 का सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 नवंबर को कृषि उपज मंडी तेन्दूखेड़ा में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में शामिल होने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। शासन के निर्देशानुसार एक जिले में एक तिथि पर अधिकतम 200 जोड़ों का ही सामूहिक विवाह कराया जा सकता है। इसलिए पोर्टल पर दर्ज प्रथम 200 पात्र आवेदनों को ही सम्मेलन में शामिल किया जाएगा।योजना का लाभ लेने के लिए कन्या का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना तथा कन्या और उसके अभिभावक के पास बीपीएल कार्ड होना आवश्यक है। बीपीएल सत्यापन के साथ वर वधू की समग्र ई केवाईसी तथा कन्या के बैंक खाते में डीबीटी एवं ई केवाईसी अनिवार्य है। कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदन के साथ संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अथवा नगर पालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। आवश्यक दस्तावेजों के साथ करें।आवेदन इच्छुक हितग्राही आयु प्रमाण पत्र आधार कार्ड समग्र आईडी पासपोर्ट साइज फोटो मूल निवासी प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति सहित आवेदन कार्यालय उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर में जमा कर सकते हैं। हितग्राही निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा करें। सम्मेलन में प्रथम 200 पात्र आवेदनों को ही मान्य किया जाएगा।

पिछली बार की अपेक्षा इस बार ग्राहकी का बेहद अभाव

ऑनलाइन खरीददारी से आधी रह गई ग्राहकी

तेंदूखेडा। हर साल की अपेक्षा इस बार त्यौहारी सीजन में ग्राहकी का अभाव देखा जा रहा है।मोवाइल कपड़ा जूता इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर काफी असर बना हुआ है। जिसका प्रमुख कारण आनलाइन खरीददारी माना जा रहा है। प्रतिदिन तेंदूखेडा क्षेत्र में चार से पांच लाख रुपये की खरीददारी आनलाइन से हो रही है।घर बैठे सामग्री पहुँच रही है। जिसका प्रभाव तेंदूखेडा के अन्य बाजारों पर भी पड रहा है। दुकानदारों में मायूसी भरा माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ तेंदूखेडा क्षेत्र पूरी तरह से कृषि पर आश्रित क्षेत्र है।किसानों की किसानी भी अच्छी नहीं है। सोयाबीन और उड़द फसल ने किसानों को हतास कर दिया है।लागत मूल्य तक नहीं निकल सकी है।मक्का फसल ही ठीक ठाक स्थिति में रही है वह भी सुखाने के लिए लिए किसान मुख्य सड़क मार्गों पर डाल कर सुखा रहें हैं।शेष फसलें अरहर और धान पर ही आशा बनीं हुई है।आन लाइन खरीददारी को लेकर कुछ व्यापारी वर्ग ने अपनी अपनी प्रतिक्रियाओं के माध्यम से विचार साझा किये हैं।

बाजार को ग्राहकी का इंतजार

इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों का कहना है कि आनलाइन खरीददारी से बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है जो सामग्री हम खरीद कर ला रहें हैं वह ग्राहक को घर बैठें मिल रही है।कूलर पंखे इन्डेक्सन मिक्सी वांशिग मशीन यहाँ तक की फ्रिज भी आनलाइन मंगवाये जा रहे हैं। हर साल दीपावली पर झालरों मालायें बल्ब बेंच लेते थे । इस बार अन्य सालों की अपेक्षा चाइनीज मालाऐं बहुत कम स्तिथि में हैं। त्यौहार के लिए मात्र आठ से दस दिन ही शेष हैं। लेकिन व्यापारी हाथ पर हाथ रखकर बैठा है।जी एस टी कम जाने के बाद लग रहा था कि सामग्री विकेगी लेकिन मौसम की मार और आनलाइन सुविधाएं ग्राहकी में रोडा बनें हुए हैं।

कपड़ा ग्राहकी चलने की उम्मीद

कपड़ा व्यापारी बताते हैं कि पिछली साल की अपेक्षा इस बार ग्राहकी चलने की उम्मीद बिल्कुल ही नहीं है। क्योंकि इस बार नगद मूल्य की फसलें किसानों के हाथ में नहीं है। मौसम की प्रतिकूलता के चलते जहां किसान किसानी में टूटा हुआ है वहीं घरों की साफ सफाई भी काफी लेट हो रही है। वर्तमान में कपड़ा बाजार में ग्राहकी का अभाव बना हुआ है। आनलाइन खरीददारी से व्यापार पर विपरीत असर पड रहा है।अधिकांश युवा वर्ग अब मोबाइल फोन के जरिए मनपसंद डिजाइनर कपड़े पसंद करके आन लाइन मगा लेते हैं।

आनलाइन आ रहे जूता चप्पल

जूता चप्पल व्यापारी बता रहे हैं कि 60 प्रतिशत व्यापार आनलाइन खरीददारी के चलते खत्म हो गया है। युवाओं द्वारा जूता चप्पल सीधे घर बैठे बुला लेते हैं स्थिति यह बनी हुई है कि किराये से दुकान लेकर बैठे दुकानदारों का किराया तक नहीं निकल पा रहा है।केवल किसान या फिर अन्य वर्ग जो आनलाइन खरीददारी नहीं कर सकते हैं वे ग्राहक ही जूते चप्पल खरीद रहें हैं।

महंगे मोबाइल फोन तो आनलाइन ही आ रहे

मोबाइल विक्रेता बताते हैं कि आनलाइन खरीददारी का सबसे बड़ा प्रभाव मोबाइल दुकानों पर पडा है। स्थिति यह है कि आनलाइन खरीददारी के चलते दीपावली त्यौहार पर हम सभी व्यापारी हाथ पर हाथ रख कर बैठें है ।मात्र 30 प्रतिशत ही व्यापार रह गया है। आज कल हर वर्ग घर बैठे मोवाइल बुला लेते हैं। कुछ अन्य सामग्री ही छुटपुट बेंचकर काम चल रहा है बाकी तो सब आनलाइन खरीददारी से चल रहा है।